राष्ट्रीय सेवा योजना

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर– 272202 उ0प्र0 (भारत)
Website :www.suksn.edu.in, Email Id: nsssuk2018@gmail.com

पत्रांकः 629 / रा0से0यो0 / सि0वि0वि0 / 2024 दिनांक 29 / 04 / 2024

सेवा में

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
जनपद–सिद्धार्थनगर, महराजगंज, संतकबीर नगर, बस्ती, बलरामपुर, श्रावस्ती।

विषय– वित्तीय वर्ष 2023–24 की आख्या एवं बिल विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

वर्ष 2023–24 में सामान्य एवं विशेष कार्यक्रम से सम्बन्धित आख्या एवं बिल विवरण विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में जमा कराने हेतु सूचना राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय द्वारा कई बार प्रेषित की गयी, परन्तु अभी तक कई महाविद्यालयों के कार्यक्रम की आख्या एवं बिल विवरण विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय को प्राप्त नही हुआ है।

तदक्रम में आप सभी को पुनः सूचित किया जाता है कि **दिनांक 05 / 05 / 2024** तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में कार्यक्रम की आख्या एवं बिल विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कि स्थिति में शासन द्वारा धनराशि प्राप्त होने पर सम्बन्धित भुगतान महाविद्यालय के ZBSA खाते में प्रेषित किया जाना सम्भव नही होगा।

उक्त स्थिति में समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

डॉ0 (देव बक्श सिंह)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक / तदिनांकित।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
3. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कार्यक्रम समन्वयक